जल जीवन मिशन

चर्चा में क्यों?

10 अगस्त, 2021 को राजस्थान के जलदाय मंत्री की अध्यक्षता में **आरडब्ल्यूएसएसएमबी** की नीति निर्धारण समिति (पीपीसी) की बैठक में **जल जीवन मिशन** के तहत चार हज़ार से अधिक गाँवों में **हर घर नल कनेक्शन** को मंज़ूरी दी गई।

प्रमुख बिंदु

- जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत वृहद पेयजल परियोजनाओं तथा वृहद पेयजल परियोजनाओं के अतिरिक्त 5 करोड़ रुपए से अधिक की राशि की योजनाओं में 4 हज़ार 163 गाँवों की 62 योजनाओं में 7 लाख 70 हज़ार 395 हर घर नल कनेक्शन देने के एजेंडा प्रस्तावों को मंज़ूरी प्रदान की गई।
- इन पर 5056 करोड़ रुपए से अधिक की राशि व्यय की जाएगी। वृहद पेयजल परियोजनाओं के तहत 4,718 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 21 योजनाओं को स्वीकृति दी गई, इनमें 2 हज़ार 815 गाँवों में 7 लाख 10 हज़ार 169 हर घर नल कनेक्शन दिए जाएंगे।
- इसी प्रकार वृहद पेयजल परियोजनाओं के अतिरित्त 5 करोड़ रुपये से अधिक राशि की योजनाओं में 41 सिंगल एवं मल्टी विलेज ग्रामीण पेयजल योजनाओं के प्रस्ताव मंज़ूर किये गए, इनमें 1348 गाँवों में 60 हजार 226 हर घर नल कनेक्शन होंगे, जिन पर 338 करोड़ रुपए से अधिक व्यय होंगे।
- जलदाय मंत्री ने बैठक में अतिरिक्त एजेंडा प्रस्तावों को भी मंज़ूरी प्रदान की। इनमें मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के तहत हरमाड़ा-भडारना को जयपुर शहरी जलप्रदाय योजना के तहत बीसलपुर प्रोजेक्ट से जोड़ने के लिये 43.48 करोड़ रुपए तथा बाड़ी (धौलपुर) में पेयजल आपूर्ति योजना के लिये 38.85 करोड़ रुपए के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया।
- इसके अलावा प्रदेश में जेजेएम की योजनाओं के तहत वर्ष 2021-2022 में **वाटर क्वालिटी मॉनिटरिंग एवं सर्वलिंस प्लान** के तहत 67.81 करोड़ रुपए की राशि के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इससे राज्य में जलदाय विभाग की प्रयोगशालाओं के अपग्रेडेशन, फील्ड टेस्टिंग किट खरीदने तथा पेयजल गुणवत्ता जाँच के लिये क्षमता संवर्द्धन गतिविधियों का संचालन होगा।
- सवाई माधोपुर में **मोरल नदी** पर एनीकट निर्माण पर 16.26 करोड़ तथा **बीसलपुर प्रोजेक्ट** में सूरजपुरा से सांभर तक 539 गाँवों में पेयजल आपूर्ति के लिये ट्रांसमिशन मेन पाइपलाइन के लिये 265.96 करोड़ रुपए के व्यय के प्रस्तावों का भी अनुमोदन किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jal-jeevan-mission-2